# रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क (फेज-1) विकसित होगा

रतलाम। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधान सभा में दिए वर्ष 2022-23 के अपने बजट भाषण में बताया कि रतलाम शहर में नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में मेगा औद्योगिक पार्क (फेज-1) विकसित किया जा रहा हैं। उन्होंने बजट में रतलाम सहित कुल 11 नवीन औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किये है जो इस प्रकार है- भोपाल में बगरौदा एवं बैरसिया, सीहोर में

**बजट मे रतलाम सहित 11 नवीन औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए, जावरा को भी जगह**

बडियाखेडी एवं झिलेला, धार में तिलगारा, रतलाम में रतलाम शहर, मेगा औद्योगिक पार्क (फेज-1) तथा जावरा, नरसिंहपुर में नरसिंहपुर औद्योगिक क्षेत्र, कटनी में लमतरा तथा इन्दौर में मोहना औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा रहे है। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन द्वारा गत वर्ष जून माह में उद्योग विभाग को 1400 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित भी कर दी गई है।

अग्निबाण 10/3/22

## रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क (फेज़-1) होगा विकसित

रतलाम ● वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में दिए वर्ष 2022-23 के अपने बजट भाषण में बताया कि रतलाम शहर में नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में मेगा औद्योगिक पार्क (फेज-1) विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बजट में रतलाम सहित कुल 11 नवीन औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए हैं। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन द्वारा गत वर्ष जून माह में उद्योग विभाग को 1400 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित भी कर दी गई है। इस भूमि पर म.प्र. औद्योगिक विकास निगम द्वारा औद्योगिक पार्क विकसित किया जाएगा। मेगा औद्योगिक पार्क में 25000 करोड़ से अधिक पूंजी का निवेश संभावित है।

स्वदेश 10/3/22

# शहरवासियों को अब बर्तनों में मिलने लगा है फुटकर दूध

## बर्तन नहीं लाने पर ग्राहकों को वापस लौटा रहे



ग्राहकों को बर्तन में दूध देते दूध विक्रेता।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम पॉलीथिन, कागज के कप सहित डिस्पोजेबल सामग्रियों के विक्रेताओं पर कार्रवाई कर इन्हें जब्त कर रहा है। इससे बाजार में पॉलीथिन बिकना बंद हो गई है। ऐसे में अब फुटकर दूध फिर बर्तनों में मिलना शुरू हो गया है। अधिकतर दूध विक्रेता अब बर्तन में ही दूध दे रहे हैं। चूंकि पॉलीथिन अब बाजार में नहीं मिल रही है। इससे अब सभी दुकानों पर बर्तनों में ही दूध मिलेगा।

**दूध लेने आने वाले ग्राहक बर्तन साथ लाएं-** दूध विक्रेता मुरलीधर गुर्जर ने बताया कि बाजार में पॉलीथिन नहीं मिल रही है। हमारे पास जो थी, वो भी खत्म हो गई है। इससे हम दूध पैक नहीं कर पा रहे हैं। इससे दूध लेने आने वाले ग्राहक अपने साथ बर्तन लेकर आएं ताकि परेशानी ना हो। भास्कर

### सांची व अमूल दूध अभी भी पॉलीथिन पैक में बिक रहा

पॉलीथिन नहीं मिलने से फुटकर दूध तो बर्तनों में मिलने लगा है, लेकिन सांची और अमूल का दूध अभी भी पॉलीथिन पैक में बिक रहा है। जबकि, नगर निगम शहर में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चला रहा है। बावजूद इन कंपनियों का दूध अभी भी पॉलीथिन में बिक रहा है। चूंकि ये बड़ी कंपनियां हैं, इससे नगर निगम इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। जबकि जिन पॉलीथिन में कंपनी का दूध बिक रहा है, वो 100 माइक्रोन से कम की हैं।

दै. भास्कर 11/3/22

# लोक अदालतः बीएसएनएल के राजस्व की लंबित राशि से संबंधित 579 प्रकरणों प्रस्तुत होंगे

रतलाम। म.प्र. विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि भारत सचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना तथा आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 12 मार्च के पूर्व सम्पर्क कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। बीएसएनएल ने आपसी समझौते से 10 से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध किया है।

## 12 को होगी नेशनल लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश, प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, भरण पोषण एवं वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा संपत्तिकर, जलकर, एवं बैंक व अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार वसूली राशि में छूट भी प्रदान की जावेगी।

नवभारत

नवभारत 11/3/22

# लोक अदालत 12 मार्च को

रतलाम। म.प्र. विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि भारत सचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना तथा आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 12 मार्च के पूर्व सम्पर्क कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। बीएसएनएल ने आपसी समझौते से 10 से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध किया है।

दंबंग दुनिया 11/3/22

# 'उड़ान' में रतलाम की हवाई पट्टी

रतलाम, नप्र। रतलाम की हवाई पट्टी उड़ान योजना में शामिल है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप के सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की अन्य सरकारी हवाई पट्टियों का सवाल है तो उनके विकास और विस्तार की योजना प्रकियाधीन है ।

विकसित होगा मेगा औद्योगिक पार्क- वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा के बजट भाषण में बताया कि शहर में नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में मेगा औद्योगिक पार्क फेज-1 विकसित किया जा रहा है। मेगा औद्योगिक पार्क रतलाम को फिर से मालवा का प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक केन्द्द बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। रतलाम में इसका विकास जामथुन, बिबड़ौद, जुलवानिया, फलसोड़ी, रामपुरिया, सरवनीखुर्द गांवों की जमीन पर किया जाएगा।

प्रभात किरण 10/3/22

# रतलाम हवाई पट्टी क्षेत्रीय सम्बद्धता उड़ान योजना में शामिल

रतलाम ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधानसभा में विधायक चैतन्य काश्यप के सवाल के उत्तर में बताया कि रतलाम की हवाई पट्टी क्षेत्रीय सम्बद्धता उड़ान योजना में सम्मिलित है। जहां तक प्रदेश की अन्य शासकीय हवाई पट्टियों का प्रश्न है तो उनके विकास और विस्तार की योजना प्रक्रियाधीन है।

स्वदेश 11/3/22

# विधायक के निर्देश पर तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम

रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम को क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाडियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री काश्यप से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल में क्रीडा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी एवं रवि पंवार शामिल थे। अग्निपथ पृ. 10

अग्निपथ 10/3/22



# तरणताल जल्द खुलेगा, सफाई शुरू

रतलाम, नप्र। राजीव गांधी सिविक सेन्टर का तरणताल जल्द ही शुरू होगा। तरणताल खोलने के लिए नगर निगम ने सफाई के साथ पानी भरने की तैयारी शुरू कर दी है। क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर बंद पड़े कुशाभाऊ ठाकरे तरणताल को खोलने का अनुरोध किया था। जिस पर काश्यप ने निगम को तरणताल खोलने के निर्देश दिए। क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने विधायक काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में अनुज शर्मा, राजा भैया, हुसैन इंदौरी एवं रवि पंवार शामिल थे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने भी नागरिकों की सहूलियत के लिए काफी समय से बंद पड़े शहर के एकमात्र तरणताल को शुरू करने के संबंध में कलेक्टर एवं निगमायुक्त को पत्र लिखा था। पृ. 10

प्रभात किरण 10/3/22

## गंदगी, अमानक पॉलीथीन व खुले में यूरिन उपयोग तथा विक्रय करने पर 10 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते है, खुले में यूरिन करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 10 मार्च मंगलवार को 10 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार केतन सोनी पर 2000, श्रीमाल किराना, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक पर 1000, श्रीनाथ पूजा भण्डार, होटल अजंता पैलेस पर 500-500, सिटी किंग पर 250, आमीन, गरीब नवाज पर 250-250, मुकेश पर 100 व खुले में यूरिन करने पर किशोर पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग व विक्रय ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण

## नगर निगम के विभिन्न करों से 16.68 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराए गए करों के तहत 10 मार्च गुरूवार को कुल राशि रूपये 16,68,211/- का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 10 मार्च गुरूवार को संपतिकर कार्यालय से 785997, वसूली दल 247658 कुल 1033655, जलकर कार्यालय से 230370, दुकान गुम्टी किराया कार्यालय 44768, वसूली दल 28190 कुल 72958, स्पॉट फाईन 200, लायसेंस 4500, लीजरेंट 326528 इस तरह कुल राशि रूपए 16,68,211/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

प्रसारण 11/3/22

**स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू • 28 मार्च से पहले होना है सर्वेक्षण, इस बार 7500 अंक का होगा**

# कभी भी आ सकती है सर्वे टीम, फीडबैक में कंजूसी नहीं दिखाई तो 600 अंक पक्के

**नगर निगम ने सारा फोकस सफाई पर कर दिया, मूल्यांकन करने गुपचुप आएगी टीम**

- इस सप्ताह ताल और पिपलौदा में है निरीक्षण
- सीनियर सिटीजन फीडबैक पर 400 तथा युवाओं के फीडबैक पर 200 अंक मिलेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

चार माह से चल रही तैयारी के बीच सफाई की सालाना परीक्षा यानी स्वच्छ सर्वेक्षण होने लगा है। पहली मार्च से शुरू हुआ सर्वेक्षण 28 मार्च तक चलेगा। इस सप्ताह ताल और पिपलौदा होना है। उसके साथ ही शहर में भी मूल्यांकन टीम गुपचुप निरीक्षण करने आ सकती है। इसकी भनक लगने के बाद अब नगर निगम ने सारा फोकस सफाई पर कर दिया है। बस जरूरत है शहरवासियों के साथ की। उनका ज्यादा से ज्यादा फीडबैक मिले तो 7500 अंक के सर्वेक्षण में 600 अंक पक्के हो जाएंगे। इसमें 60 साल से अधिक और 15 से 29 साल के युवाओं से रेण्डमली 10 साल पूछे जाएंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक पर 400 तथा युवाओं के फीडबैक पर 200 अंक मिलेंगे।

## अंकों का गणित और निगम की चुनौतियां

प्रमाणीकरण- 2250 अंक
सिटीजन वाइस- 2250 अंक

**किसके कितने मिलेंगे-** सिटीजन फीडबैक- 600, सिटीजन एंगेजमेंट-550, स्वच्छता ऐप- 400, डायरेक्टर ऑब्जर्वेशन- 350, आपदा नियंत्रण के कार्य- 200, इनोवेशन और बेस्ट प्रैक्टिस- 150

**यह है चुनौती-** स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराना क्योंकि लोगों से पॉजिटिव फीडबैक दिलवाना फिर भी आसान है। इसमें डायरेक्ट, माय गवर्नमेंट वोट फॉर योर सिटी, हेल्पलाइन 1969, क्यूआर कोड बेस्ड, स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 पोर्टल और स्वच्छता ऐप से भी फीडबैक दिलवाया जा सकता है।

## अच्छे नंबर के लिए निगम के जतन

**जुर्माना:** गंदगी करने पर गुरुवार को 10 पर जुर्माना लगाया गया। इनमें केतन सोनी पर 2000 रुपए, श्रीमाल किराना, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक पर 1000 रुपए, श्रीनाथ पूजा भंडार, होटल अजंता पैलेस पर 500 रुपए, सिटी किंग पर 250 रुपए, आमीन, गरीब नवाज पर 250 रुपए, मुकेश से 100 रुपए स्पॉट फाइन वसूला गया।

**कार्रवाई:** सफाई कार्य में लापरवाही करने पर वार्ड प्रभारी हसन गौसर, कर्मचारी मनीष मुकेश, दीपक वैद का सात दिन का वेतन काटा। इसी प्रकार बिना बताए ड्यूटी पर नहीं आने वाले 15 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन और रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से गैरमौजूद रहने वाले दो पर कार्रवाई की गई।

**प्रतिबंध:** नाहरपुरा क्षेत्र में सागर डिस्पोजल से 10 किलो अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजेबल सामग्री जब्त कर सील कर दिया गया है। अभियान में अब तक निगम अमला 350 किलो से ज्यादा पॉलीथिन जब्त करके 9 से ज्यादा दुकानों को सील कर चुका है।

**कचरा:** गुरुवार को 113 मीट्रिक टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। डंपर से 44520 किलो, ट्रैक्टर से 18025 किलो, मैजिक से सूखा 33995 किलो, गीला कचरा 17315 किलो, सेनेटरी वेस्ट 11 और घरेलू हानिकारक कचरा 2 किलो पहुंचा।

## किसके कितने मिलेंगे : निगम के प्रयासों में अभी भी है कमी

**गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग-** 1250
ओडीएफ डबल प्लस और वॉटर प्लस- 1000
**चुनौती-** जीएफसी में स्टार रेटिंग लाना। दो साल से जीरो मिल रहे हैं। ओडीएफ डबल प्लस तीन साल से मिल रहा है।

**सेवा स्तर प्रगति-** 3000 अंक
**प्रोसेसिंग एंड डिस्पोजल-** 1200, सेग्रीगेटेड कलेक्शन- 900, प्लास्टिक कैरीबैग पर प्रतिबंध- 900
**चुनौती-** 100% कचरा अलग नहीं हो पा रहा। प्लास्टिक पर बैन नहीं।

## ऐसे दे सकते हैं फीडबैक

**पहला तरीका-** स्वच्छता एप से, इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। शहर का नाम डालकर कुल 11 सवालों के जवाब टिक करके देने हैं।

**दूसरा तरीका-** मायजीओवी एप से, इसे भी प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। होम स्क्रीन पर पोल सर्वे पर क्लिक करके एसएस 2022 पर जाकर सर्वे में हिस्सा लें।

**तीसरा तरीका-** सरकार ने विशेष क्यूआर कोड बनाया है, जिसे मोबाइल से स्कैन करके भी फीडबैक दे सकते हैं। निगम ने सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है।

**चौथा तरीका-** वोट फॉर योर सिटी, इसमें https://ss-cf.sbmurban.org/#/feedback पर फीडबैक दे सकते हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 11/3/22

# बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाने वाली 9 फर्मों पर 10-10 हज़ार का जुर्माना

- जुर्माने की राशि जमा नहीं कराने पर होगी एफआईआर दर्ज

रतलाम। शहर की सड़को के विद्युत पोल, शासकीय भवन दीवारों सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाकर शहर की सुन्दरता मे बाधा डालने वाली फर्मो पर जुर्माना व जुर्माना राशि जमा नही कराने पर एफ आई आर दर्ज की जा रही है, जिसके तहत 9 फर्मों को जुर्माना राशि जमा कराने का सूचना-पत्र निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जारी किया गया।

नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा शहर के मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया, जिसके तहत स्वस्तिक क्लासेस, उत्कर्ष एकेडमी, अभ्यास केरियर इंस्टीयूट, प्रजापति केरियर इंस्टीट्यूट, एलीवेसन एग्रीकल्चर एकेडमी, गौरी क्लीनिक फार्मेसी, एलीवेशन एग्रीकल्चर एकेडमी, माखनलाल चतुर्वेदी, सुप्रीम मेडिकल एवं नर्सिंग एकेडमी के पोस्टर अवैध रूप लगे पाए गऐ। उक्त फर्मो पर जुर्माना किया जाकर राशि रूपए 10-10 जमा कराने का सूचना पत्र जारी किया गया है, समय-सीमा में राशि जमा नही कराने वाली फर्मों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जावेगी।

प्रसारण

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियो को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियो को पकड़कर गौशालाओ मे भेजा जा रहा है जिसके तहत 1396 मवेशियो को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोतम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 9 मार्च तक 1396 मवेशियो को पकड़ा जाकर गौशालाओं मे भेजा गया। अभियान के तहत 8 व 9 मार्च को राम मंदिर, दीनदयाल नगर जवाहर नगर, इन्द्रलोक नगर, सिलावटो का वास, चांदनी चौक से 10 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

**सफाई कार्य मे लापरवाही बरतने पर वार्ड प्रभारी व 2 सफाई संरक्षको का 7 दिवस का वेतन काटा-** रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दो बत्ती शौचालय के आसपास कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर वार्ड प्रभारी हसन गौसर व महू रोड बस स्टेण्ड परिसर मे सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर मनीश-मुकेश व दीपक वैद का 7 दिवस का वेतन काटा गया।

प्रसारण 11/3/22

# नाहरपुरा में सागर डिस्पोजल को किया सील

## - 10 किलो अमानक पॉलीथीन व डिस्पोजल जब्त - 100 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीबीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

अभियान के तहत नाहरपुरा क्षेत्र में सागर डिस्पोजल से 10 किलो अमानक पॉलीथीन व डिस्पोजल जब्त कर दुकान को सील किया गया।

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लघंन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

प्रसारण

प्रसारण 11/3/22

# बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाने वाली 9 फर्मों पर 10-10 हजार का जुर्माना

**जुर्माने की राशि जमा नहीं कराने पर होगी एफआईआर दर्ज**

रतलाम। शहर की सड़को के विद्युत पोल, शासकीय भवन दीवारों सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के पोस्टर चिपकाकर शहर की सुन्दरता में बाधा डालने वाली फर्मो पर जुर्माना व जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर एफआईआर दर्ज की जा रही है जिसके तहत 9 फर्मों को जुर्माना राशि जमा कराने का सूचना-पत्र निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जारी किया गया। नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा शहर के मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया जिसके तहत स्वस्तिक क्लासेस, उत्कर्ष एकेडमी, अभ्यास केरियर इंस्टीयूट, प्रजापति केरियर इंस्टीट्यूट, एलीवेसन एग्रीकल्चर एकेडमी, गौरी क्लीनिक फामेर्सी, एलीवेशन एग्रीकल्चर एकेडमी, माखनलाल चतुर्वेदी, सुप्रीम मेडिकल एवं नर्सिंग एकेडमी के पोस्टर अवैध रूप लगे पाये गये। उक्त फर्मो पर जुर्माना किया जाकर राशि रुपए 10-10 जमा कराने का सूचना पत्र जारी किया गया है समय-सीमा में राशि जमा नहीं कराने वाली फर्मो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जावेगी।

दबंग दुनिया 11/3/22

## 10 व्यक्तियों से जुर्माना वसूला

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में अमानक पालिथीन का उपयोग करने, गंदगी फैलाने, खुले में यूरिन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जा रहा है। इसके तहत केतन सोनी से 2000, श्रीमाल किराना, दूरदर्शन इलेक्ट्रानिक से 1000, श्रीनाथ पूजा भंडार, होटल अजंता पैलेस से 500-500, सिटी किंग से 250, आमीन, गरीब नवाज से 250-250, मुकेश से 100 व खुले में यूरिन करने पर किशोर से 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पालिथीन का उपयोग व विक्रय नहीं करने की समझाइश दी।

## लोक अदालत कल

रतलाम। सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि बीएसएनएल राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को न्यायालयों में प्रस्तुत किया है।

**जिले में 36 खंडपीठ गठित:** नेशनल लोक अदालत का कार्य सम्पादित करने के लिए 36 खंडपीठों का गठन किया गया है। खंडपीठ गठन में प्रधान न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश तथा अधिवक्ता शामिल किए गए है।

नईदुनिया 11/3/22

## होटल अजंता पैलेस पर लगाया जुर्माना

रतलाम. नगर निगम द्वारा गुरुवार को होटल अजंता पैलेस सहित बाजार में सिंगल युज प्लास्टिक मिलने पर जब्ती के साथ अर्थदंड लगाया गया है। इन सब के बीच कलेक्टर ने प्लास्टिक व डिस्पोजल का कारोबार करने वाले 25 बड़े कारोबारियों को चर्चा के लिए शुक्रवार दोपहर 12 बजे बुलवाया है। नगर निगम का स्पाट फाइल का दल सबसे पहले धानमंडी में सागर डिस्पोजल पर पहुंचा। एक बोरी भरकर सिंगल प्लास्टिक मिला। इसके बाद होटल अजंता पैलेस पर दल पहुंचा। गंदगी मिलने व सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने के बाद 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। बाजना बस स्टैंड पर श्रीमाल बाजार दुकान पर पंकज जैन के यहां से अमानक स्तर का प्लास्टिक मिला। जब्त कर 1 हजार रुपए का दंड लगाया गया है। 25 से अधिक दुकानदारों को शुक्रवार दोपहर 12 बजे न्यू कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ने चर्चा के लिए बुलाया है। बता दे कि 1 जुलाई से केंद्र सरकार ने 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पालिथीन एवं सिंगल युज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई है।

पत्रिका 11/3/22

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियो को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 1396 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 9 मार्च तक 1396 मवेशियों को पकड़ा जाकर गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 8 व 9 मार्च को राम मंदिर, दीनदयाल नगर जवाहर नगर, इन्द्रलोक नगर, सिलावटो का वास, चांदनी चौक से 10 मवेषी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। दबंग

दबंग दुनिया 11/3/22

## मेट्रिक पास नासिरा अख्तर ने लाखों में बेचा आईडिया

# प्लास्टिक कचरे को राख में बदलने का तरीका खोजा

एजेंसी, नई दिल्ली



विश्व में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण को लेकर पिछले कई सालों से कोशिशें चल रही हैं। इन्हीं कोशिशों के बीच जम्मू कश्मीर की नासिरा अख्तर ने इस समस्या का समाधान निकाल लिया है। दसवीं पास नासिरा ने केवल प्लास्टिक कचरे के निस्तारण का उपाय निकाला बल्कि इससे अपने जीवन को भी संवारा। दक्षिण कश्मीर में कनीपोरा कुलगाम की रहने वाली नसीरा अख्तर ने पूरी दुनिया के विज्ञानी और पर्यावरणविद को पीछे छोड़ते हुए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट का एक जैविक और अनोखा तरीका निकाला है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अनसंग इनोवेटर्स ऑफ कश्मीर और कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में उसकी कहानी प्रकाशित हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नासिरा ने बताया कि जैविक तरीके से प्लास्टिक को राख बनाने के फॉर्मूले को उन्होंने एक निजी कंपनी को बेच दिया है और अब फिर से एक नई खोज में जुट गई हैं।

*सवाल: प्लास्टिक को राख बनाने का आईडिया कैसे और कब आया ?*

जवाब: 20 साल पहले से इस आइडिया पर काम कर रही हूं। एक बार मैं धर्म की किताब पढ़ रही थी जिसमें एक लाइन लिखी थी कि इस दुनिया का अंत होगा तो आखिर में अल्लाह और प्लास्टिक बचेंगे। इस वाक्य पर मुझे एतराज था। मुझे लगा कि प्लास्टिक जैसी चीज को इस दुनिया से खत्म किया जाना चाहिए। इसके लिए मैंने कई जैविक तरीके से शोध किए। अलग -अलग चीजों को प्लास्टिक पर आजमाने लगी। 20 साल के बाद मुझे सफलता हासिल हुई। प्लास्टिक इस उपाय से राख में तब्दील हो जाती है। तरीका बहुत जैविक है। तरीके के बारे में ज्यादा बता नहीं सकती क्योंकि आइडिया एक निजी कंपनी को बेच दिया है।

*वाल: क्या आपने इसके लिए कोई ट्रेनिंग ली?*

जवाब: कोई ट्रेनिंग नहीं ली। कुलगाम जो महिलाओं की साक्षरता के मामले में पिछड़ा जिला है जहां से मैं आती हूं। मैं ज्यादा पढ़-लिख भी नहीं पाई, 10वीं पास हूं। औषधीय पेड़ पौधों का थोड़ा बहुत पारंपरिक ज्ञान था। उन्ही पेड़ पौधों से तैयार चीजों से प्लास्टिक को राख बनाने का तरीका निकाल लिया। फिर लोगों की सलाह पर मैं कश्मीर यूनिवर्सिटी गई, वहां मैंने प्लास्टिक को जैविक पदार्थ से जला कर दिखाया। कई बार मेरे इस प्रयोग की जांच की गई। वैज्ञानिकों ने भी इस फार्मुले को सही माना। फिर अंत में मैंने इसे एक निजी कम्पनी को इस उपाय का पेटेंट बेचने का निर्णय लिया, ताकि पूरी दुनिया इसका फायदा उठा सके। कंपनी को जब स्टार्टअप मिलेगा तो वो इस पर काम करेगी। इसका लाभ मुझे भी मिलेगा।

*सवाल: परिवार में कौन-कौन हैं और आपको अपने पति से कितना सहयोग मिला?*

जवाब: मेरी दो बेटियां हैं। पति तीन वर्ष पहले ही गुजर गए। वो भी ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे। अपने ही गांव में एक दुकान चलाते थे। लेकिन, मेरे इस प्रयास में हमेशा उनका सहयोग मिला है। प्लास्टिक के कचरे को जब मैं अपने आंगन और गांव में देखती थी तो दिल दुखी होता था। प्लास्टिक की समस्या का हल निकाल चुकी हूं अब और भी कई पर्यावरण मुद्दों पर काम कर रही हूं।

*सवाल: प्लास्टिक को राख बनाने के सफर में कितनी मुश्किलें आईं ?*

जवाब: जिंदगी की राह आसान थोड़ी ही है। हर राह पर मुश्किलें आती हैं। मुझे भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेरे पास तो कभी अधिक पैसे नहीं थे। मैं भी छोटे मोटे काम करके जीवन का गुजर बसर करती थी। फिर अचानक मैंने प्लास्टिक को नष्ट करने के काम में लग गई। इसके सफल होते ही मुझे आज थोड़ी राहत जरुर है। जब मुझे कामयाबी मिली थी तब इंटरनेट नहीं था, जिसके कारण मुझे लगता है कि कामयाबी को मशहूरियत मिलने में देर लगी। कोई नहीं देर आए दुरुस्त आए। देर से ही सही मेरे इस प्रयास को कामयाबी मिली और अब लोग मुझे जानते पहचानते हैं।

स्वदेश-10

स्वदेश 10/3/22

# काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम



रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम को क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री काश्यप से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल में क्रीड़ा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी एवं रवि पंवार शामिल थे।

सिंधम-10

सिंधम- 10/3/22